प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 मंगलवार** **दिनांक 08.07.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**आज के मुख्य समाचारः–**

1– भारी बारिश के चलते दुर्ग जिले के मोंगरा जलाशय से शिवनाथ नदी में पानी छोड़ा गया–नदी किनारे गांवों में कराई गई है मुनादी–राज्य के कई अन्य जिलों में भी बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित।

2– मैनपाट में चल रहे भाजपा के सांसदों और विधायकों के प्रशिक्षण शिविर को आज केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया संबोधित।

3– युक्तियुक्तकरण के बाद शिक्षकों के आवेदनों पर विचार करने के लिए राज्य शासन ने संभाग और राज्य स्तरीय समिति का गठन किया।

4– बीजापुर जिले में माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी में विस्फोट होने से सीआरपीएफ के दो जवान घायल।

**अब समाचार विस्तार से .**

**बारिश–01**

पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश से उत्तरी और मध्य छत्तीसगढ़ सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। लगातार बारिश के कारण कई नदी–नालों का जलस्तर बढ़ गया है। पुल के ऊपर के पानी बहने के कारण आवागमन भी बंद है।

दुर्ग जिले में पिछले दो दिनों से हो रही बारिश के चलते मोंगरा जलाशय से शिवनाथ नदी में पंद्रह हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। वहीं, महमरा एनीकट के चार गेट खोल दिए गए हैं। वहीं, लगातार हो रही वर्षा से कई निचले इलाकों में भी पानी भर गया है।

दुर्ग के जिला सेनानी और एसडीआरएफ प्रभारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एसडीआरएफ और डीडीआरएफ के जवानों को तैनात किया गया है। साथ ही बाढ़ नियंत्रण के लिए कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है।

वहीं, सक्ती जिले में लगातार बारिश के कारण नदी–नाले उफान पर हैं।

मालखरौदा थाना क्षेत्र के अंडा गांव के बगान नाले को पार करते समय एक व्यक्ति तेज बहाव में बह गया। डीडीआरएफ की टीम द्वारा व्यक्ति की तलाश की जा रही है।

जांजगीर–चांपा जिले के शिवरीनारायण क्षेत्र के रिंगनी–कुकदा नाला के पुल से चौबीस घंटे बाद भी आवागमन बंद है। भारी बारिश से यह पुल डूब गया है और इससे दो फीट ऊपर पानी बह रहा है। मौके पर पुलिस और डीडीआरएफ की टीम तैनात की गई है। सुरक्षा के मद्देनजर नाले के दोनों ओर बैरीकेड्स लगा दिए गए हैं।

## बारिश–02

रायपुर जिले में भी पिछले तीन दिनों से हो रही अनवरत बारिश से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है।

इस बीच, मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों में भारी वर्षा होने की चेतावनी दी है। इसके साथ ही कल प्रदेश में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

## भाजपा–प्रशिक्षण शिविर

सरगुजा जिले के मैनपाट में आयोजित भाजपा के सांसदों और विधायकों के प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन आज केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े शामिल हुए। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और अरुण साव तथा सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित मंत्री और विधायकों ने इनका स्वागत किया। इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने मौलश्री और श्री तावड़े ने रुद्राक्ष का पौधा लगाया।

इससे पहले, कल भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री जे.पी नड्डा ने इस प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया। इस दौरान श्री नड्डा ने पार्टी की विचारधारा, संगठन की भूमिका, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और जनसेवा की भावना पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सांसदों और विधायकों को संगठन के साथ तालमेल बैठाकर जमीनी स्तर पर काम करने की सलाह दी।

## शिक्षक युक्तियुक्तकरण–समिति

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश में शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के बाद शिक्षकों के अभ्यावेदनों पर विचार करने के लिए संभाग और राज्य स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जिला स्तरीय समिति के निर्णय के विरूद्ध शिक्षकों के आवेदनों पर संभाग स्तरीय समिति विचार करेगी। वहीं, संभाग स्तरीय समिति के निर्णय के विरूद्ध शिक्षकों के आवेदनों पर राज्य स्तरीय समिति विचार करेगी।

राज्य स्तरीय समिति के अध्यक्ष के रूप में लोक शिक्षण संचालक को नियुक्त किया गया है। वहीं, सचिव के रूप में वरिष्ठ उप संचालक और सदस्य के रूप में वरिष्ठ सहायक संचालक लोक शिक्षण को नियुक्त किया गया है।

वहीं, संभाग स्तरीय समिति का अध्यक्ष संभाग आयुक्त को बनाया गया है। इस समिति में संभागीय संयुक्त संचालक को सचिव और सहायक संचालक स्तर के अधिकारी की नियुक्ति सदस्य के रूप में की गई है।

## नैनो डीएपी

चालू खरीफ सीजन के दौरान डीएपी की कमी को पूरा करने के लिए राज्य सरकार ने इसके विकल्प के रूप में नैनो डीएपी के भंडारण और वितरण की विशेष व्यवस्था की है। साथ ही एनपीके और एसएसपी जैसे वैकल्पिक उर्वरकों का भी लक्ष्य से अधिक मात्रा में भंडारण किया गया है। रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिकों ने कहा है कि नैनो डीएपी के उपयोग से खेती की लागत में कमी आती है। साथ ही यह डीएपी खेत में पोषण की कमी को प्रभावी ढंग से पूरा करता है और उत्पादन की गुणवत्ता को भी बढ़ाता है। कृषि विभाग ने किसानों से नैनो डीएपी तथा एनपीके, एसएसपी जैसे वैकल्पिक उर्वरकों का उपयोग करने की अपील की है।

## श्रम कल्याण मंडल–बैठक

छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा की अध्यक्षता में कल रायपुर में संचालक मंडल की बैठक हुई। बैठक में मंडल द्वारा संचालित श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं के संचालन के लिए बारह नये पदों का सृजन कर शासन से अनुमति मांगी गई। साथ ही कर्मचारियों के वेतन में भी वृद्धि करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा मंडल में पंजीकृत मजदूर परिवार के बच्चों को रियायती दर पर कॉपी वितरण की नई योजना शुरू करने की भी घोषणा

की गई। साथ ही निःशुल्क कोचिंग सहायता योजना के तहत श्रमिकों के परिजनों को कोचिंग देने का भी निर्णय लिया गया।

बैठक में बताया गया कि श्रम कल्याण मंडल के अंतर्गत प्रदेश में बीस श्रम कल्याण केन्द्रों का विभिन्न जिलों में संचालन किया जा रहा है। इन केन्द्रों के माध्यम से श्रम मंडल में पंजीकृत मजदूरों के परिवार के महिला सदस्यों को सिलाई–कढ़ाई का प्रशिक्षण दिया जाता है।

## आईईडी विस्फोट–जवान घायल

बीजापुर जिले में माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी में विस्फोट होने से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ के दो जवान घायल हो गए हैं। सीआरपीएफ की दो सौ उनतीस बटालियन की टीम आवापल्ली–बासागुड़ा मार्ग पर गश्त अभियान पर निकली हुई थी। इसी दौरान इस मार्ग पर माओवादियों द्वारा पहले से लगाए गए आईईडी में विस्फोट हो गया, जिसमें दो जवानों को चोटें आई हैं। घायल जवानों को प्राथमिक उपचार के बाद बीजापुर जिला अस्पताल लाया गया है।

वहीं, बीते दिनों सुकमा जिले में हुए आईईडी विस्फोट की घटना में शामिल आरोपी सोढ़ी गंगा को राज्य अन्वेषण अभिकरण ने गिरफ्तार किया है। इस घटना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरिपुंजे शहीद हो गए थे।

## हाईकोर्ट–जर्जर सड़क

बिलासपुर शहर की जर्जर सड़कों को लेकर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने नाराजगी जताई है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति बी.डी. गुरु की डिवीजन बेंच ने जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए नगर निगम आयुक्त और लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता से शपथपत्र के साथ जवाब मांगा है। इस मामले में अगली सुनवाई अब तेईस जुलाई को होगी।

गौरतलब है कि पिछले दिनों मुख्य न्यायाधीश ने अपोलो अस्पताल लिंगियाडीह मार्ग का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने सड़क की बदहाल स्थिति पर नाराजगी जताई थी।

## केरोसिन–आबंटन

खाद्य नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा राज्य के गैर अनुसूचित क्षेत्रों के गैस कनेक्शनधारी राशनकार्डों में भी सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत केरोसिन प्रदान करने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए छत्तीसगढ़ को जुलाई महीने में आठ सौ सोलह किलोलीटर केरोसिन का आबंटन किया गया है।

## मोबाइल वेटनरी यूनिट्स

बिलासपुर जिले में पशु चिकित्सा विभाग द्वारा छह मोबाइल वेटनरी यूनिट्स के माध्यम से घर पहुंचकर पशुओं का इलाज किया जा रहा है। इसके लिए विभाग द्वारा टोल–फ्री नंबर – **एक नौ छह दो** (1962) जारी किया गया है। मोबाइल वेटनरी यूनिट्स का संचालन हर दिन सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

## अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

– छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने आज नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की।

– प्रदेश में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में काम दिलाने का झांसा देकर पंद्रह करोड़ रूपये की ठगी करने के आरोपी के.के. श्रीवास्तव की मदद करने के आरोप में रायपुर पुलिस ने आज युवा कांग्रेस नेता आशीष सिन्दे को गिरफ्तार किया है।

–	बीजापुर जिले के तीस गांवों को जोड़ने के लिए चिंतावागु नदी पर पुल बनाया जाएगा। इस बात की जानकारी राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय को दी है।

–	एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी की टीम ने मुंगेली के बीएमओ कार्यालय में पदस्थ अकाउंटेंट बृजेश सोनवानी को चौव्वन हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

–	बिलासपुर जिले के सीपत थाना क्षेत्र स्थित उनी गांव में करंट लगने से पिता–पुत्र की मौत हो गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>